श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 116, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 2 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

यूपी के प्राइवेट अस्पतालों तथा लैब में अब बेहद सस्ते में होगा कोविड-19 टेस्ट

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए गुजरात तथा दिल्ली सरकार के बाद कोरोना टेस्ट के दर में भारी कमी कर दी है। प्राइवेट अस्पताल या प्राइवेट लैब के लिए कोरोना की नई टेस्टिंग दरें लागू की हैं।

लखनऊ, जेएनएन। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के एक ही दिन में रिकॉर्ड बनाने वाली योगी आदित्यनाथ सरकार ने टेस्ट कराने की दर में भी रिकॉर्ड कमी की है। प्रदेश में अब कोरोना वायरस का आरटी पीसीआर टेस्ट सिर्फ सात सौ रुपये में होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने गुजरात, दिल्ली व राजस्थान से भी कम कीमत में कोरोना टेस्ट कराने का निर्देश दिया है।

प्रदेश की सभी प्राइवेट लैब में अब कोरोना की रियल टाइम पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (आरटीपीसीआर)जांच 700 रुपये में होगी। जांच के लिए निजी लैब में जाकर नमूना देने या किसी निजी चिकित्सालय में सैंपल देने पर यह शुल्क देना होगा। वहीं प्राइवेट लैब के स्वयं सैंपल एकत्र करने यानी किसी व्यक्ति के घर से सैंपल लेने पर जांच का कुल शुल्क 900 रुपये होगा। प्रदेश में अभी तक प्राइवेट लैब में कोरोना की आरटीपीसीआर जांच के लिए लोगों को 1600 रुपये चुकाने पड़ रहे थे।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि कोरोना की आरटीपीसीआर जांच निजी प्रयोगशाला में अब 900 रुपये सस्ती हो गई है। जांच के दाम में 56 प्रतिशत की कमी होने से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी। इससे पहले भी आरटीपीसीआर जांच के दाम बीती 10 सितंबर को घटाकर 1600 रुपये निर्धारित किए गए थे। अब सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए इसे और सस्ता कर दिया है। वहीं प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में कोरोना की जांच निश्शुल्क करने का प्रावधान है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए गुजरात तथा दिल्ली सरकार के बाद कोरोना टेस्ट के दर में भारी कमी कर दी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राइवेट अस्पताल या प्राइवेट टेस्टिंग लैब के लिए कोरोना की नई टेस्टिंग दरें लागू की हैं। नई दरों के तहत 700 रुपये में कोरोना का आरटी-पीसीआर टेस्ट किया जा सकेगा। इस दौरान अगर कोई भी घर से सैंपल कलेक्शन कराना है तो उसको 900 रुपये का भुगतान करना होगा।

कोरोना वायरस के संक्रमण के एक बार फिर गति पकड़ने पर सीएम योगी आदित्यनाथ के इस कदम तो सभी लोग बेहद जरूरी बता रहे हैं। इससे पहले दिल्ली और गुजरात सरकार ने प्राइवेट लैब में कोरोना टेस्ट कराने की दरों को घटाने का ऐलान किया था। गुजरात सरकार ने मंगलवार को कोरोना के आरटी-पीसीआर टेस्ट की कीमत प्राइवेट लैब में 1200 रुपये के बजाय 800 रुपये तय की थी। होम सैंपलिंग की दर वहां 1100 रुपये है। इससे पहले वहां 1500 रुपये में टेस्ट होता था। दिल्ली में अब 800 रुपये में ही आरटी-पीसीआर टेस्ट होगा। पहले यहां पर टेस्ट 2400 में हो रहा था।

उत्तर प्रदेश में 43 आइपीएस अधिकारियों का तबादला, बदले गए 16 जिलों के SSP व SP

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार को 43 आइपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। विधान परिषद चुनाव के मतदान समाप्त होते ही 43 आइपीएस अफसरों के तबादले में 16 एसएसपी तथा एपसी भी बदले गए हैं।

लखनऊ, जेएनएन। उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लगातार मजबूत करने के प्रयास में लगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार को 43 आइपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें 24 एएसपी भी हैं। विधान परिषद चुनाव के मतदान समाप्त होते ही 43 आइपीएस अफसरों के तबादले में 16 एसएसपी तथा एपसी भी बदले गए हैं।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महकमे में मंगलवार को बड़ा फेरबदल किया गया। शासन ने 16 जिलों के एसपी समेत 43 आइपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें 2015 बैच के दस आइपीएस अधिकारियों को जिलों की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा 2016 व 2017 बैच के आइपीएस अधिकारियों को भी जिलों में अहम पदों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2015 बैच के 14 आइपीएस अधिकारियों ने सीओ व एएसपी के पदों पर अपना मूलभूत प्रशिक्षण पूरा किया है। इस बैच के सभी आइपीएस अधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट भी की थी। मुख्यमंत्री ने युवा अफसरों को फील्ड में प्रमुख पदों पर तैनाती को प्राथमिकता दी है। कानपुर के बहुचर्चित संजीत हत्याकांड में लापरवाही की दोषी तत्कालीन एएसपी अपर्णा गुप्ता को बीते दिनों निलंबित किया गया था। अब बहाली के बाद उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डीजीपी मुख्यालय में तैनात रहीं अपर्णा गुप्ता को एसपी रेलवे मुरादाबाद बनाया गया है। फीरोजाबाद, संभल, कन्नौज, ललितपुर व अमरोहा में दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुके एसपी भी बदले गए हैं। 2016 व 2017 बैच के 10 आइपीएस अधिकारियों को सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) से अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पदों पर तैनाती दी गई है। माना जा रहा है कि बलरामपुर में पत्रकार व हिंदुत्ववादी कार्यकर्ता की जलाकर की गई हत्या व अन्य घटनाओं को लेकर एसपी बलरामपुर देव रंजन वर्मा को हटाया गया है। उन्हें एसआइटी में तैनाती दी गई है। सूत्रों का कहना है कि कुछ अन्य जिलों में भी शिकायतों के चलते एसपी को हटाने का निर्णय किया गया। जल्द कुछ अन्य आइपीएस अधिकारियों की तबादला सूची भी जारी हो सकती है।

विधान परिषद की 11 सीटों के लिए 55.47 फीसद मतदान, लखनऊ स्नातक खंड सीट पर सबसे कम मतदान

विधान परिषद की 11 सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजे से सांय पांच बजे तक वोटिंग में गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक सीट पर सबसे अधिक 73.94 फीसद मतदान हुआ। सबसे कम वोट लखनऊ खंड स्नातक सीट पर 36.74 प्रतिशत पड़े।

लखनऊ, जेएनएन। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की स्नातक व शिक्षक कोटे की 11 सीटों के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में 55.47 फीसद वोट पड़े। सुबह आठ बजे से सांय पांच बजे तक वोटिंग में गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक सीट पर सबसे अधिक 73.94 फीसद मतदान हुआ। सबसे कम वोट लखनऊ खंड स्नातक सीट पर 36.74 प्रतिशत पड़े।

विधान परिषद में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ व इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक के अलावा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद व गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक सीट के लिए मंगलवार सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हुआ। शुरूआती दो घंटे में मतदान की रफ्तार बेहद सुस्त रही। सुबह 10 बजे मात्र छह फीसद मतदान हुआ। इसके बाद जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ती गई, मतदान में भी तेजी आ गई। दोपहर 12 बजे तक 20 फीसद व दोपहर दो बजे तक 38 फीसद से अधिक मतदान हुआ। शाम चार बजे तक 52.41 प्रतिशत वोट पड़ गए थे। मतदान में सबसे अधिक सुस्ती नवाबों के शहर लखनऊ की खंड स्नातक सीट पर देखी गई। यहां पूरे प्रदेश में सबसे कम मतदान हुआ।

कोरोना संक्रमण को देखते हुए मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों व मतदाताओं की सुरक्षा के लिए थर्मल स्कैनर, हैंड सैनिटाइजर, ग्लव्ज, फेस मास्क, फेस शील्ड, पीपीई किट, साबुन, पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। पांच खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 12,69,817 मतदाताओं के लिए 1808 मतदेय स्थल बनाए गए थे। खंड शिक्षक की छह सीटों में कुल 2,06,335 मतदाताओं के लिए 813 मतदेय स्थल बने थे। चुनाव पर नजर रखने के लिए 11 प्रेक्षक, 952 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 413 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। साथ ही प्रत्येक मतदेय स्थल पर माइक्रो ऑब्जर्वर भी लगाए गए थे। चुनाव के लिए कुल 12,319 मतदान कर्मी लगाए गए थे।

मैनपुरी में मतदेय स्थल से कुछ ही दूरी पर पर्ची बांटने को लेकर हुए विवाद में भारतीय जनता पार्टी व समाजवादी पार्टी के समर्थकों के बीच हवाई फायरिंग हुई। इस घटना की जानकारी मिलने पर डीएम व एसपी मौके पर पहुंचे। ब्लाक प्रमुख बिल्लू यादव ने भाजपा नेता गौरव यादव, प्रदीप यादव, सौरभ यादव व अनुज यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरुर्खाबाद में भी दोनों पार्टियों के समर्थक आपस में भिड़ गए। छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांति पूर्ण रहा। चुनाव में कुल 199 प्रत्याशियों की किस्मत बैलट बॉक्स में बंद हो गई है। अब गुरुवार को इन सीटों की मतगणना होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि छिटपुट मामलों को छोड़कर मतदान पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। जहां से भी प्रत्याशियों की शिकायतें आईं, उसकी जांच करा रहे हैं। मतगणना गुरुवार तीन दिसंबर को होगी। देर शाम तक परिणाम आने की उम्मीद है।

कहां कितने पड़े वोट-

आगरा खंड स्नातक- 41.56 प्रतिशत, इलाहाबाद-झांसी स्नातक- 41.10, लखनऊ खंड स्नातक- 36.74, मेरठ खंड स्नातक- 42.86, वाराणसी खंड स्नातक- 39.33, आगरा खंड शिक्षक- 70.78, बरेली-मुरादाबाद शिक्षक- 73.48, गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक- 73.94, लखनऊ खंड शिक्षक- 58.99, मेरठ खंड शिक्षक- 62.60, वाराणसी खंड शिक्षक- 68.83।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई के ब्लॉक परिसर स्थित मतदान केंद्र पर आगरा खंड स्नातक क्षेत्र के लिए वोट डाला। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सपा अधिक सीटें जीतेगी। हालांकि यह गिनती का चुनाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग प्रशिक्षित हैं वह दिन को भी रात कर सकते हैं। सरकार पर कई तरह के आरोप लग रहे हैं फिर भी उन्हें उम्मीद है कि लोग अधिक से अधिक वोट डालेंगे। यह चुनाव सत्ता व विपक्ष की भूमिका को तय करेगा।

कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक राजधानी लखनऊ के अवध गर्ल्स कॉलेज मतदान केंद्र पहुंचे तो आने विश्वविद्यालय के दोस्त और समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर सचिव राम सागर यादव से मुलाकात हो गई। पार्टी विचारधारा को दरकिनार कर मंत्री सपा नेता का हाथ पकड़कर अपने साथ टहलते रहे।

इटावा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने सैफई मतदान केंद्र पर आगरा खंड स्नातक क्षेत्र के लिए वोट डाला' वहीं, सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के छोटे भाई राजपाल यादव और उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता यादव ने सैफई ब्लॉक केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया।

धांधली का आरोप : लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य के लिए कान्ति सिंह ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। इसी सीट से 2014 से लेकर 2020 तक एमएलसी रहीं कान्ति सिंह ने कहा कि सत्ताधारी दल दबाव बना रहा है। हमारें एजेंटों को पुलिस कर अरेस्ट कर रही है। इस संबंझ में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी में ज्यादा दिक्कत है।

मतदान पर पैनी नजर, 11 प्रेक्षक तैनात : मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मतदान पर पैनी नजर रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 11 प्रेक्षक तैनात किए हैं। इसके अलावा 952 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 413 जोनल मजिस्ट्रेट भी चुनाव पर नजर रखेंगे। प्रत्येक मतदेय स्थल पर माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। साथ ही वहां की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। चुनाव प्रक्रिया में कुल 848 भारी वाहन, 1754 हल्के वाहन तथा 12,319 मतदान कर्मी लगाए गए ।

पूरे देश को नहीं लगेगी वैक्सीन! स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना वायरस पर दी ताजा जानकारी

नई दिल्ली, एएनआइ। देश में कोरोना वायरस को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने कुछ जानकारी साझा की है। इनमें सबसे बड़ी बात यह कही गई कि पंजाब, राजस्थान और हरियाणा में एक बार दोबारा कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क जरूर लगाएं। साथ ही दूरी का ख्याल रखें और बार-बार हाथ धोएं। वहीं, वैक्सीन को लेकर भी अहम जानकारी साझा की गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि नवंबर में कोविड -19 संक्रमण के बाद ठीक होने की संख्या औसत मामलों से अधिक थी। देश में कोविड -19 की स्थिति पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, औसतन 43,152 कोविड -19 मामले थे जो नवंबर में हर दिन रिपोर्ट किए गए थे। इसकी तुलना में, हर रोज ठीक होने वालों की संख्या 47,159 थी।

इसके अलावा बताया गया कि भारत में अब तक 14 करोड़ से अधिक कोविड -19 टेस्ट किए गए हैं और राष्ट्रीय सकारात्मकता दर 6.69 फीसद है। भूषण ने कहा कि देश में 11 नवंबर को पॉजिटिविटी रेट 7.15% था और 1 दिसंबर को ये 6.69% हो गया है।

उन्होंने कहा कि आज भी विश्व के बड़े देशों में भारत में प्रति दस लाख लोगों पर मामले सबसे कम हैं। अनेक ऐसे देश हैं जहां पर भारत से प्रति दस लाख लोगों पर आठ गुना तक ज्यादा मामले हैं। हमारी मृत्यु प्रति मिलियन दुनिया में सबसे कम है।

भूषण ने बताया, 'जब क्लीनिकल ट्रायल शुरू होते हैं तो लोगों की सहमति से फॉर्म साइन कराया जाता है। यही प्रक्रिया दुनियाभर में है। अगर कोई ट्रायल में शामिल होने का फैसला लेता है तो इस फॉर्म में ट्रायल के संभावित उल्टे प्रभाव के बारे में बताया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि दवाई या वैक्सीन का बुरा प्रभाव पड़ता है। यह रेग्युलेटर की जिम्मेदारी है कि डेटा जुटा कर पता लगाए कि क्या इवेंट और इंटरवेंशन के बीच कोई लिंक है? उन्होंने आगे कहा कि क्लीनिकल ट्रायल बहु केंद्रित और अनेक जगहों पर होती हैं। हर साइट पर एक इंस्टिट्यूशन इथिक्स कमिटी होती है, जो कि सरकार या मैन्युफैक्ररर से स्वतंत्र होती है। किसी बुरे प्रभाव के बाद यह कमिटी उसका संज्ञान लेती है और ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को रिपोर्ट भेजती है।

स्वास्थ्य सचिव ने यह बात साफ की कि कभी भी सरकार द्वारा पूरे देश को वैक्सीन लगाने की बात नहीं कही गई है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि ऐसे वैज्ञानिक चीजों के बारे में तथ्यों के आधार पर बात की जाए। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन कितना प्रभावकारी है यह वैक्सीन पर निर्भर करेगा। हमारा उद्देश्य कोरोना ट्रांसमिशन चेन को तोड़ना है। अगर हम खतरे वाले लोगों को टीका लगाकर कोरोना ट्रांसमिशन रोकने में सफल रहे तो हमें शायद पूरी आबादी को वैक्सीन लगाने की जरूरत नहीं पड़े।

पीएम मोदी की वैक्सीन तैयार करने वाली टीम से हुई बात

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी से निजात पाने के लिए वैक्सीन के विकास प्रक्रिया में जुटी देश के वैज्ञानिकों की टीम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बात की और इनके काम की सराहना की। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने वैक्सीन के निर्माण और इसके उत?पादन में जुटी तीन टीमों- पुणे की जेनोवा बायोफार्मास्यूटिकल्स , हैदराबाद की बायोलॉजिकल ई लिमिटेड और हैदराबाद की डॉ. रेड्डी लेबोरेटरीज के साथ वर्चुअल बैठक की और वैक्सीन के उत्पादन और इसके आने के बाद रख-रखाव के इंतजाम से लेकर लोगों के बीच वितरण के मामलों पर बात की। बता दें कि भारत में इन तीनों वैक्सीन का ट्रायल अंतिम चरण में है। इस मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने टीम को सलाह दी कि वैक्सीन से जुड़े तमाम मामलों जैसे इसके प्रभाव आदि जानकारियों को बेहत सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाने का अतिरिक्त प्रयास करें। इसके अलावा वैक्सीन आने के बाद इसके वितरण संबंधित रसद, परिवहन, कोल्ड चेन आदि से संबंधित मामलों पर भी मीटिंग में चर्चा हुई।

अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को मिली पर्यावरणीय मंजूरी

बुलेट ट्रेन परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बुलेट ट्रेन 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी जो अहमदाबाद-मुंबई के बीच 508 किलोमीटर की दूरी करीब दो घंटे में तय करेगी। परियोजना के लिए 67 फीसद जमीन रेलवे को मिली।

नई दिल्ली, आइएएनएस। अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल कॉरीडोर (बुलेट ट्रेन) परियोजना के लिए रेलवे को गुजरात तथा महाराष्ट्र में जरूरी पर्यावरणीय मंजूरी मिल गई है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ वीके यादव ने मंगलवार को एक वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इन दोनों राज्यों में वन्यजीव, वानिकी तथा तटीय क्षेत्र नियमन से संबंधित मंजूरी मिल गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 67 फीसद जमीन रेलवे को मिल गई है। गुजरात में जरूरी 956 हेक्टेयर में से 825 हेक्टेयर जमीन मिल गई है, जो करीब 86 फीसद है। जबकि महाराष्ट्र में 432 हेक्टेयर में से सिर्फ 97 हेक्टेयर (22 फीसद) जमीन मिली है। वहीं, दादरा नगर हवेली में जरूरी आठ हेक्टेयर में से सात हेक्टेयर जमीन मिल गई है। यादव ने बताया कि रेलवे ने गुजरात में 325 किलोमीटर लंबी कॉरीडोर परियोजना के लिए 32,000 करोड़ रुपये का ठेका जारी किया है।

बता दें कि करीब 1.08 लाख करोड़ रुपये की परियोजना का शिलान्यास 14 सितंबर, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बुलेट ट्रेन 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी, जो अहमदाबाद-मुंबई के बीच 508 किलोमीटर की दूरी करीब दो घंटे में तय करेगी। फिलहाल ट्रेन से यह दूरी तय करने में सात घंटा और विमान से करीब एक घंटा का समय लगता है।

सर्द हवाओं से लौटी ठंड, तीन दिन बाद बढ़ेगा रात का तापमान

भोपाल, जेएनएन। हवाओं का रख उत्तरी होने से एक बार फिर राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश इलाकों में सिहरन बढ़ गई है। इसी क्रम में मंगलवार को सबसे कम तापमान आठ डिग्री नौगांव और उमरिया में दर्ज किया गया। भोपाल में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से एक डिग्री कम रहा। राजधानी में अधिकतम तापमान 28.6, इंदौर में 29.0, जबलपुर में 28.1 और ग्वालियर में 27.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पिछले दिनों हरियाणा और उससे लगे पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर एक ऊपरी हवा का चक्रवात बन गया था। इसके अतिरिक्त एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत की तरफ बढ़ रहा था। इस वजह से हवा का रख पूर्वी होने लगा था। इस वजह से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी थी।

हाल ही में पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़कर काफी ऊंचाई से उत्तर-पश्चिम दिशा की तरफ आगे बढ़ गया। काफी कम तीव्रता वाले पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ते ही हरियाणा पर बना सिस्टम भी समाप्त हो गया है। इससे हवाओं का रख एक बार फिर उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी होने लगा है। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं के कारण तापमान में गिरावट होने लगी है। इससे ठंड का असर बढ़ने लगा है। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के चार दिसंबर को उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, साथ ही हवा का रख बदलेगा। इससे वातावरण में नमी बढ़ने से बादल छा सकते हैं। इससे राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के बाद एक बार फिर ठंड वापस लौटेगी।

ग्रामीण अंचल

संक्षेप समाचार

बिना नंबर की कार से बरामद हुआ आठ किलो गांजा, चार गिरफ्तार

प्रयागराज। कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच ने गोबर गली के पास छापेमारी कर आठ किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बिना नंबर की एक कार भी बरामद की गई है। पता चला है कि कार चोरी की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ गांजा तस्कर गोबर गली में अंधेरे में किसी को माल बेचने के लिए खड़े हैं। पुलिस पहुंची तो एक कार में कुछ लोग बैठे थे। कार सवार चार लोगों को बाहर उतारकर उनका नाम पता पूछा गया एवं तलाशी ली गई। गिरजेश कुमार मिश्रा निवासी अटौती थाना मेजा के पास से 350 ग्राम गांजा, राम सागर पाल निवासी ग्राम मसुन्दर थाना मेजा के पास से दो किलो 150 ग्राम गांजा, सुरेश कुमार जायसवाल निवासी ग्राम खाई के पास से दो किलो 200 ग्राम गांजा एवं सुशील कुमार निवासी ग्राम दादूपुर उमरगंज भंडरा थाना नैनी के पास से एक किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। चारों के पास से आठ किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई कान्तिशरण अहिरवार, राजूकृष्ण सिंह आदि शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, घर में कोहराम

उतरांव। उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर चौराहे पर बारात में जा रहा युवक की अनियंत्रित बाइक ट्रक में जा घुसी। जिससे 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने बहुत मसक्कत के बाद पता लगा सकी। पुलिस ने बताया कि युवक एक बारात में शामिल होकर अपने घर जा रहा था।पुलिस ने जेब मे रखे आईडी से मृतक सौरभ सिंह उर्फ पंडा 40 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह निवासी सिहीपुर थाना सराय इनायत के रूप लास की पहचान की। जो बरेठी डगरहा का पुरा थाना उत्तराव के एक बारात में आया हुआ था। बताया जाता है कि युवक बारात से वापस अपने घर सोमवार बीती रात 2 बजे जा रहा था की जैसे ही उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर चौराहे पर पहुंचा था की प्रयागराज की तरफ से हंडिया जा रही एक ट्रक की चपेट में आने से युवक की

मृतक की फाइल फोटो

दर्दनाक मौत हो गई। मौत की जानकारी जब घर के परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। युवक भट्ठा सन्चालक था। मृतक दो भाईयो में सबसे छोटा था। मृतक युवक के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। उतरांव पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।युवक की मौत से पत्नी मंजू देवी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।युवक की मौत से बारात में भी गम का माहौल ब्याप्त हो गया।

इलाहाबाद झासी निर्वाचन में वोटिंग की रफ्तार रही धीमी

करछना। मंगलवार विकास खण्ड करछना परिसर मे बनाये गये मतदान स्थल पर इलाहाबाद झासी निर्वाचन के लिए हुए मतदान में वोटिग की रफ्तार धीमी रही और साय चार बजे के करीब चार बूथो मे 750 मत ही पडे थे जबकि विकास खण्ड करछना मतदान केन्द्र पर चार बूथो को मिलाकर 3032 मतदाता थे लेकिन मतदान की रफ्तार काफी धीमी रही और कुछ प्रभाव मतदाता पर्ची मतदाताओ तक न पहुच पाने के कारण लोगो उत्साह की कमी रही वही जो लोग मतदान देने आये भी वह मतदाता सूची मे नाम ढूढने मे भारी मशक्त करनी पडी।मतदान केन्द्र पर सोशल डिस्टेसिग,सेनेटाइजर मास्क हैडगल्बस की भी व्यवस्था की गई थी।पार्टियो से सम्बधित प्रत्याशियो के समर्थक ही ज्यादा सक्रिय दिखे जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थको की सख्या कम रही मतदान केन्द्र पर इसबार के चुनाव विधान परिषद के चुनाव मे महिलाएं भी दिखी।वही लोगो का कहना था कि शादी विवाह के चलते भी वोट डालने कम लोग आये।

जसरा में प्रदेश सपा प्रदेश महासचिव का मनाया गया जन्मदिन

जन्मदिन पर केक काटते हुए

जसरा। जसरा में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रदेश महासचिव का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया । इस अवसर पर दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव संदीप सिंह पटेल का जन्मदिन क्षेत्र के सपाइयों ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि घनश्याम कोटार ने कहा कि प्रदेश महासचिव का जन्मदिन बहुत ही सादगी के साथ मनाकर गरीब व दबे कुचले लोगों के प्रति आस्था जताया है। कार्यक्रम में माता प्रसाद मिश्र, श्रीकांत यादव, सुरेन्द्र कुमार केसरवानी, रमाकांत यादव, बृजेश यादव, दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शादी विवाह के आयोजनों पर मंहगाई की मार झेल रहे लोग

करछना। इन दिनों बढ़ती ठंड के साथ विवाह का लग्न मूहुर्त भी शुरू हो चुका है, किन्तु कोरोना महामारी और मंहगाई के चलते लोगों में मायूसी छाई है।लोग मंहगे, दूध, खोये, साग सब्जी, घरेलू उपयोग की चीजे और सामान मंहगे होने के कारण जरूरत भर के लिए नही खरीद पा रहे है। उधर कोरोना महामारी के चलते बारात के लिए बनाये गये नियम प्रतिबंध को लेकर भी उहापोह की स्थिति में है।करछना क्षेत्र के कई गांवों में सोमवार और मंगलवार को तिलक विवाह आदि के कई कार्यक्रमों में मौजूद लोग मंहगाई को लेकर चर्चा करते नजर आये। किसानों के यहां तैयार धान मजबूरन औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर है वही बढ़ रही मंहागाई में उन्हे सामान खरीदना पड़ रहा है। मंहगाई के चलते कई कार्यक्रम में फीके पड़ गये है। मार्च महीने के बाद कई लोगों ने अपने शादी

विवाह के कार्यक्रम कोरोना महामारी के चलते टाल दिए थे जो अब एकसाथ गांवों में कई कार्यक्रम होने के चलते लोगों के सामने कई चीजों की कमी हो गई है। सोमवार को लगन तेज होने के कारण करछना बाजार में घंटो जाम के चलते लोगों को हलाकान होना पड़ा। पुलिस ने रूट डायवर्जन करना पड़ा और साधुकूटी चौराहे से बेला चौराहे की ओर बड़े वाहनों दूसरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ा। जाम के चलते लोगों को काफी परेशान होना पड़ा।लगन तेज होने के कारण सवारी गाड़ियों की भी कमी देखी गई।

काम और अव्यवस्था के अभाव में मजदूरों का पलायन

मटेरियल ब्यवस्था नहीं कर पा रही निर्माण कार्य दाई संस्था, धूल से संक्रमण,नष्ट रोड से वाहनों की खराबी

शहजादे

अब्यवस्था का शिकार केडी मुख्य स्टेट हाइवे मार्ग का दृश्य

कोरांव। कोरांव देवघाट मुख्य मार्ग स्टेट हाइवे दो साल से चौड़ीकरण में है और अभी तक निर्मित नही हो पा रही। जिससे आवागमन बाधित तथा लोगों को संक्रमण का शिकार होना पड़ रहा है साथ ही वाहन के टायर पुर्जे खराब होते जा रहे साथ मार्ग दुर्घटनाएं भी हो रही जिससे जनता में आक्रोश देखा जा रहा।

बतादें की उक्त मुख्य मार्ग कोराव से महुली रंगनाथ संसारपुर चौराहा तक चौड़ी करण हो रही है,लेकिन निर्माण कार्य दाई संस्था कॉन्ट्रेक्टर निर्माण कार्य मे प्रयोग होने वाले सामग्री ही नहीं परचेजिंग कर पा रहा। और जो निर्माण कार्य भी हो रहा वह घटिया किस्म का हो रहा। लोग धूल भरी जिंदगी गुजारने को बिवस हैं। कई बार शिकायत विभागीय व शासन स्तर पर की गई किन्तु कोई अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। पता चला है कि निर्माण कार्य हेतु सामग्री ही नहीं खरीद पा रहा निर्माण कर्ता। यदि किसी और ठीकेदार को उक्त मार्ग सौप न दिया गया तो मार्ग का कार्य अधर में ही रह जायेगा। क्योंकि निर्माण कार्य में जितनी सामग्री की जरूरत होती है उतनी सामग्री नहीं खरीद पा रहा निर्माण एजेंसी। अन्यथा अब तक मार्ग का कारण गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न हो गया होता। इस बावत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हम लोग इस ठीकेदार से स्वयं परेशान हैं।

क्या कह रहे लोग

"अगर निर्माण कार्य दाई संस्था के बस के बाहर है तो विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि किसी दूसरे कॉन्ट्रैक्टर को निर्माण कार्य हेतु लगा दिया जाय, ताकि शीघ्र मार्ग का निर्माण कार्य सम्पन्न हो सके व आवागमन सुलभ हो जाये।"

-प्रमोद पयासीसोशल एक्टिविष्ट कोरांव प्रयागराज

"मार्ग पर धूल उड़ने से लोगों में इन्फेक्शन की बीमारी फैलने लगी है। और आये दिन मार्ग पर कुछ न कुछ दुर्घटनाएं बाइक सवारों के साथ घटती रहती है। वाहनों के पुर्जे भी खराब होते जा रहे हैं। एक तरफ मार्ग पर सामग्री डाली जाती है दूसरी तरफ अगली सामग्री की कमी के कारण मार्ग उखड़ती जा रही है। जिससे ठीकेदार का ही नुकसान हो रहा है।"

-कृष्ना कांत पाण्डे एडवोकेट सलाहकार मिस्कीन सेवा संस्थान प्रायागराज

लेबर अड्डों पर जलाया जा रहा जागरूकता अभियान

प्रदेश के १०जिलो में मजदूर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

जागरूक करते विज्ञान फाउंडेशन व एक्शन एड के कार्यकर्तागण

प्रयागराज। जिले के लेबर अड्डों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए अरुण शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम दिनांक २६ नवंबर से ५ दिसम्बर तक चलाया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को उनके अधिकारों के लिए प्रेरित करना मुख्य उद्देश्य है। निर्माण श्रमिकों के लिए उत्तर प्रदेश भवन एवं सननिर्माण कर्म कार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मजदूर भाई बहनों तक पहुंचाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है तथा बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है ।आगे भी मजदूर भाई बहनों से जरूरी आधार कार्ड बैंक पासबुक फोटो उपलब्ध कराने का समय निर्धारित करने पर कैम्प लगाकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इलाहाबाद जिले में शहर के १०लेबर अड्डों एवं टाऊन एरिया के लेबर अड्डे पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा । इलाहाबाद जिले की टीम में अनुराधा जी सुबोध यादव रवि कुमार ,शालिनी केसरवानी, यामिनी सिंह प्रमुख रूप से बधाई एवं सराहनीय कार्य से जुड़े हुए हैं।

सड़क हादसे में ग्राम विकास अधिकारी की मौत

प्रयागराज। धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा रोड पर सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार (23) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कालिंदीपुरम निवासी महेश कुमार का बेटा मनीष कुमार शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक से किसी काम से झलवा जा रहा था।

झलवा रोड पर ही पीछे से तेज गति से जा रही टवेरा गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से मनीष को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं हादसे के बाद टवेरा चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। गाड़ी किसकी थी और उसमें कौन लोग सवार थे इसका पता अभी नहीं चल सका है।

यमुनापार के किसानों को मत्स्य पालन एवं सौर ऊर्जा के लिए जागरुक कर रहे अमर चन्द्र पटेल

करमा । 'जहाँ चाह वहाँ राह' उक्त स्लोगन निराशा में आशा का संचार करता हैं आज भी समाज में बहुत से लोग ऐसे हैं जिन्होने अपने सूझबूझ एवम अथक परिश्रम से विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नये अध्याय कों लिखतें हुए बहुतों के प्रेरणास्रोत भी बनें हैं। विगत मार्च से अद्यतन कोरोना महामारी के चलते उद्योग , कृषि, रोजगार सभी चीजें बहुत बुरी तरह प्रभावित हुई हैं इन निराशा के क्षणों में चाका ब्लाक में स्थित बादलगंज के कंप्यूटर शिक्षक एवम किसान अमर चन्द्र पटेल अपने सूझबूझ एवम अथक प्रयास से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनें हुए हैं। श्री पटेल इलाहाबाद विश्वविद्यालय से वर्ष 1995में जीव विज्ञान में बी.एससी. करनें के पश्चात वर्ष 2000में आई. आई. टी. कानपुर से पीजीडीसीए की तालीम ग्रहण करनें पश्चात काफी दिनों तक क्षेत्र के विद्यार्थियों कों कंप्यूटर की तालीम दिए तत्पश्चात उन्होने वैज्ञानिक विधि एवम अत्याधुनिक यन्त्रों की सहायता से काफी उन्नत तरीके से कृषि के साथ मत्स्य पालन लगभग एक बीघे की परिधि में किये जिससे वह एक वर्ष में लाखों रुपये की आमदनी कमा रहें हैं श्री पटेल अत्याधुनिक कृषि में सौर ऊर्जा , ट्रैक्टर आदि के साथ पपीते की खेती एवम मत्स्य पालन वृहद पैमाने पर कर रहें हैं श्री पटेल नें एक प्रश्न के जवाब में बताये कि विगत कुछ वर्षों से नीलगाय , आवारा पशुओं की वजह से परंपरागत खेती काफी महँगी साबित हों रहीं हैं जिसके वजह से नुकसान की संभावना काफी रहती हैं इन्ही बिन्दुओं को अमल में रखतें हुए उन्होने कुछ अलग करनें का फैसला किये तत्पश्चात कंप्यूटर शिक्षक सर्वप्रथम सौर ऊर्जा लगवायें जिसके वजह से सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त हों सकें फिर उन्होने मत्स्य पालन एवम पपीते की खेती प्रारंभ की जिसके बल पर वह अच्छी आमदनी के साथ गाँव के अन्य किसानों के प्रेरणास्रोत भी हैं । समाजसेवी एवम शिक्षक अमर चन्द्र पटेल के मुताबिक जब वह सौर ऊर्जा एवम मत्स्य पालन की ओर कदम बढ़ाए तों लोग काफी मजाक भी बनायें किन्तु उनकी सूझबूझ एवम मेहनत नें मजाक बनाने वालें लोगों कों गलत साबित करतें हुए क्षेत्र के अन्य किसानों के प्रेरणास्रोत के रूप में उभरे श्री पटेल का निजी मानना हैं व्यक्ति कों कभी भी आलोचना से नही घबराना चाहिए क्षेत्र कोई भी हों कड़ा परिश्रम एवम धैर्य सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

श्री पटेल कों यमुनापार के चाका , जसरा, कौंधियारा इत्यादि विकासखंड के अधिकांश लोग कंप्यूटर गुरु के नाम से पुकारते हैं इसकी वजह यह हैं कि श्री पटेल नें अपने जीवन का लगभग एक दशक विद्यार्थियों कों कंप्यूटर की तालीम देनें में व्यतीत किये हैं ।

ब्रेन हैमरेज व कोरोना के शिकार शंकरगढ़ के ईओ शेर बहादुर का निधन

शंकरगढ़। यूपी-एमपी की सीमा पर स्थित नगर पंचायत शंकरगढ़ (जनपद प्रयागराज) के ईओ शेर बहादुर का मंगलवार की दोपहर इलाज के दौरान निधन हो गया। बीते 23 नवंबर की शाम उन्हे ब्रेम हैमरेज हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती करवाया गया, जहां जांच के दौरान उनकी कोरोना रिपोर्ट भी पाजिटिव आई। एक दिसंबर को इलाज के दौरान उनका अस्पताल में निधन हो गया। इस बात की जानकारी अधिशाषी अधिकारी शेर बहादुर के भाई डा. अरविंद कुमार ने जरिए फोन दी। सरल व मिलनसार स्वभाव के शेर बहादुर नगर पंचायत शंकरगढ़ में पिछले दो वर्ष से तैनात थे। उनकी कार्यशैली और व्यवहार कुशलता का हर कोई कायल था। ईओ

ईओ शेर बहादुर (फाइल फोटो)

शेर बहादुर के निधन की खबर जैसे ही यहां पहुंची, नगर पंचायत कार्यालय में शोक की लहर दौड़ पड़ी। नगर पंचायत के चेयरमैन लल्लू कनौजिया सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने ईओ के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बताते चलें कि नगर पंचायत शंकरगढ़ के ईओ शेर बहादुर शंकरगढ़ कस्बे के रानीगंज में किराए के कमरे में रहते थे। बीते 23 नवंबर की शाम को वह कमरे पर पहुंचने के बाद उनकी तबियत खराब हुई और वह लड़खड़ाकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हे अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत शहर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर में भी आराम नहीं होने पर ईओ को आगे के लिए रेफर किया गया। ब्रेन हैमरेज के शिकार ईओ को अपोलो हास्पिटल लखनऊ ले जाया गया, जहां जांच के दौरान वह कोरोना पाजिटिव भी पाए गए थे।मंगलवार को अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। ईओ के निधन पर नगर पंचायत के चेयरमैन लल्लू कनौजिया, लिपिक प्रदीप कुमार, रफीक अहमद, अमित कुमार, मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी, सभासद सुशील पांडेय, सुजीत केसरवानी आदि ने शोक व्यक्त किया।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जल्द शुरू होगी शिक्षक भर्ती : कुलपति प्रो. श्रीवास्तव

प्रयागराज। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक भर्ती जल्द शुरू की जाएगी। शिक्षक भर्ती होने के बाद एनआईआरएफ की रैंकिंग में अवश्य सुधार होगा। इसके साथ तृतीय श्रेणी के रिक्त 400 पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मंगलवार से शिक्षक भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जल्द ही विज्ञापन जारी कर भर्ती को पूरा किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है और यूजीसी के दिशा निर्देश के बाद अब तैयारी शुरू कर दी गई है अब स्नातक चार वर्ष का होगा विश्वविद्यालय में अब ऐसा पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा जिससे छात्र के व्यक्तित्व विकास के ही साथ ही उनके अंदर स्किल डेवलपमेंट का भी विकास हो। स्नातक में छात्र दो परमपरागत विषय ले सकेंगे और एक विषय व्यावसायिक रहेगा।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आने वाले साल में एक नए रूप में दिखेगा। लॉकडाउन के चलते शुरू की गई ऑनलाइन पढ़ाई में आए व्यवधान को दूर कर नए सिरे से विश्वविद्यालय ऑनलाइन क्लासेज के लिए वेबसाइट बनाएगा जिसमें शिक्षकों के नोट्स और उनके द्वारा पढ़ाए गए विषयों के वीडियो मौजूद रहेंगे। लॉकडाउन के चलते विलंब हुए सेशन को पूर्ण करने के लिए कोर्सों में कमी लाई जाएगी और पाठ्यक्रम को नियमित रूप से पूर्ण किया जाएगा।

प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय की



वेबसाइट क्षमता बढ़ाई जाएगी, जिससे शिक्षकगण पाठ्य सामग्रियों को सहजता से वेबसाइट पर अपलोड कर सकें। प्रशासन से बात करके यह निर्णय लिया जाएगा कि शिक्षण कार्य ऑनलाइन मोड में किया जाए या ऑफलाइन शिक्षण की संभावनाएं तलाशी जाएं।

पत्रचार संस्थान पर पूर्व में हो चुका है निर्णय

कभी इलाहाबाद विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग कहे जाने वाले पत्राचार संस्थान को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि इस पर पूर्व में निर्णय लिया जा चुका है। इस मामले में फिर से कुछ न होने की संभावना है। कुछ कर्मचारियों के बकाया भुगतान किए जा चुके है। विश्वविद्यालय में जो काम होते हैं, वह मंत्रालय एवं यूजीसी के आदेश पर होते हैं। विदित हो कि पत्राचार संस्थान को पूर्व कुलपति प्रो. हांगलू के कार्यकाल में ही बंद कर दिया गया है।

छात्रसंघ प्रकरण पर बाद में होगी चर्चा

इविवि में छात्रसंघ चुनाव की तिथि व स्वरूप के सवाल पर कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने कहा कि छात्रहित में सोच विचार कर ही कोई निर्णय लिया जाएगा। इस मुद्दे पर बाद में चर्चा की जाएगी। विदित हो कि शैक्षिक सत्र 2019-20 में इविवि के तत्कालीन कुलपति प्रो. आरएल हांगलू ने छात्रसंघ का स्वरूप बदलकर छात्र परिषद लागू कर दिया था। हालांकि छात्रों ने उसे नकार दिया। परिणामस्वरूप तब छात्र परिषद का गठन नहीं हो सका।

इविवि के शीर्ष पद पर पहली महिला

प्रो. संगीता श्रीवास्तव केन्द्रीय दर्जा मिलने के बाद इविवि की चौथी नियमित व पहली महिला कुलपति हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल होने के बाद प्रो. संगीता श्रीवास्तव पहली महिला हैं जिन्होंने कुलपति की कुर्सी संभाली हैं। वर्ष 2005 में केन्द्रीय दर्जा मिलने के बाद से अब तक इविवि में प्रो. आरजी हर्ष, प्रो. एके सिंह तथा प्रो. आरएल हांगलू स्थायी कुलपति बने। प्रो. संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति को विजिटर (राष्ट्रपति) रामनाथ कोविंद ने हरी झंडी दे दी।

प्रयागराज हलचल

संक्षेप समाचार

स्नातक के चुनाव में 16 प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बंद

मऊआइमा। स्नातक के चुनाव में मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। परन्तु वोट का प्रतिशत नहीं बढ सका । सुबह से मतदाता एक एक करके वोट डालने आ रहे थे । लगभग 45 प्रतिशत ही वोट पडे । मऊआइमा में कुल 1397 मतदाताओं में कुल 621 वोट ही पडे । मऊआइमा विकासखंड प्रांगण में बने हाल में मंगलवार को सुबह से मतदाताओं का एक एक करके आना शुरू हो गया जो शाम तक लगातार जारी रहा । मऊआइमा विकास खंड में कुल 1397 मतदाता हैं । जिसमें 621 मत ही पडे । विकास खंड क्षेत्र के मतदाताओं में काफी उत्साह दो दिखा परन्तु मतदाता सुबह से एक एक कर-के वोट डालने आ रहे थे यह सिलसिला शाम पांच बजे तक जारी रहा । अन्त में लगभग 45 प्रतिशत वोट ही पड सका । कुल 1397 मतदाताओं में से 621 वोट पडे । सभी 16 प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटियों में बंद हो गया । सभी प्रत्याशी अपने अपने जीत का दावा कर रहे हैं ।

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव : शाम चार बजे तक 34.17 फीसदी मतदान

वोटर लिस्ट में मतदाता का नाम चेक करते हुए व तैनात पुलिस

प्रयागराज। इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव पर कोरोना संक्रमण और मौसम का असर दिखा। शाम चार बजे तक महज 34.17 फीसदी लोगों ने ही मतदान किया। हालांकि केंद्रों पर पर्याप्त बंदोस्त किए गए, लेकिन माना जा रहा है कि संक्रमण के कारण मतदाता घर से कम निकले।

सुबह आठ बजे से सभी 46 केंद्रों पर मतदान शुरू हो गया। पहले दो घंटे में महज 3.9 फीसदी ही मतदान हो सका। दोपहर 12 बजे तक 12.17 फीसदी मतदान हुआ। दोपहर में धूप खिली तो प्रत्याशियों को उम्मीद जगी कि अब लोग निकलेंगे। दोपहर दो बजे तक 24 फीसदी मतदान होने से एक बार फिर उम्मीद जागी। लेकिन अगले दो घंटे में मतदान प्रतिशत उस हिसाब से नहीं हुआ जिसकी उम्मीद थी।

शाम चार बजे तक कुल 34.17 फीसदी ही मतदान हो सका। मतदान केंद्रों पर सेनिटाइजर, मास्क, ग्लव्स और थर्मल पावर स्कैनर का बंदोबस्त किया गया। बहादुरपुर ब्लॉक में बूथ संख्या 59 पर एक कर्मचारी पर भाजपा का प्रचार करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे ने इससे इंकार किया है। मतदान के बाद पेटियां मेरी लूकस स्कूल में जमा हुईं। जहां से एडीएम नजूल गंगा गुप्ता को इसे झांसी पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

एलोपैथी सिस्टम के विशेषज्ञों द्वारा दिया गया व्याख्यान

प्रयागराज। एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान प्रयागराज द्वारा 22 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन बेविनार के माध्यम से दिनाँक 26 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य किया गया था जिसमे देश-विदेश के 2000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 29 एक्यूप्रेशर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित शोध पत्र प्रस्तुत किये गयें। एलोपैथी सिस्टम के विशेषज्ञों द्वारा भी व्याख्यान दिया गया जिसमें आयरलैण्ड से कार्डियालाजिस्ट डा0 बृजेन्द्र पाण्डेय, प्रयागराज से प्रसिद्ध रेडियोलाजिस्ट डा0 दीपक गुप्ता द्वारा दिया गया व्याख्यान एक्यूप्रेशर के क्षेत्र में शोध के नये आयाम स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। सम्मेलन के दौरान अलग-2 दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में गणमान्य एवं माननीय केन्द्रीय मंत्रियो जिसमें केन्द्रीय आयुष एवं राज्य रक्षा मंत्री श्रीपाद नाइक, केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अश्विनी कुमार चौबे जी, केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल जी, कुलपति स्वामी विवेकानन्द योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलार डा0 एच आर नागेन्द्रा तथा अध्यक्ष आई एन ओ डा0 अनन्त विरादर द्वारा प्रशिक्षार्थियों एवं आयोजनकत्ताओं का उत्साह वर्धन तथा शुभकामना संदेश दिया गया।

स्नातक एम एल सी चुनाव में सपा ने किया जीत का दावा

बैठक में उपस्थित सपा कार्यकर्ता

डॉ मान सिंह यादव ने मतदाताओं के प्रति जताया आभार

प्रयागराज। समाजवादीपार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में आज हुई बैठक में सपा प्रत्याशी डॉ मान सिंह यादव ने स्नातक एम एल सी चुनाव में जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सपा समर्थक मतदाताओं ने काफी संख्या में घरों से निकल कर मतदान किया जबकि मतदान स्थल पर सपा कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मतदान प्रारम्भ से लेकर मतदान समाप्ति तक मुस्तैदी से डटे रहे। डॉ यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के दबाव में प्रशासन ने कई मतदान केंद्रों पर सपा समर्थक मतदाताओं को मतदान से रोकने का प्रयास किया। लेकिन सपा कार्यकताओं के दबाव के कारण प्रशासन का प्रयास असफल रहा।

जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने सपा कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मत देय स्थल एवं मतदान केंद्रों पर पार्टी के कार्यकर्ता मजबूती से डटे रहे ' उन्होने बताया कि 3 दिसम्बर को झांसी में होने वाली मत गणना में प्रयागराज से कार्यकताओं की एक टीम प्रत्याशी डॉ मान सिंह के नेतृत्व में भेज दी गई है।

बैठक में प्रमुख रूप से सपा जिला अध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, डॉ मानसिंह यादव, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता के के श्रीवास्तव, सर्वेश अम्बेडकर, नरेंद्र सिंह ,संदीप पटेल, गुलाब सिंह यादव, रवींद्र यादव, दूध नाथ पटेल, दान बहादुर सिंह मधुर आदि रहे।

कर्ज से परेशान दुकानदार ने फांसी लगाई

प्रयागराज। कर्ज में डूबे एक दुकानदार ने मंगलवार को मुंडेरा में फांसी लगाकर जान दे दी। उसने सुसाइड नोट में लिखा कि उसके घरवालों को कोई परेशान न करें। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा रहा।

धूमनगंज पुलिस ने बताया कि 48 वर्षीय सत्येंद्र अग्रवाल अपनी पत्नी बिन्ती और दो बेटियों के साथ प्रीतमनगर में रहते थे। उनका मुंडेरा मंडी में जनरल स्टोर है। मंगलवार को उनकी दुकान का शटर आधा खुला था। पड़ोस में रहने वाले दुकानदार ने अंदर झांककर देखा तो सत्येंद्र फांसी के फंदे पर लटक रहे थे। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण सिंह ने बताया कि सत्येंद्र के पास से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें उन्होंने लिखा कि वह कर्जदार हैं। इसके कारण परेशान हैं। उसकी अंतिम इच्छा है कि उनके घरवालों को कोई परेशान न करें।

वहीं दूसरी हो राजरूपपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। स्थानीय पार्षद अखिलेश सिंह ने बताया कि सभासद नगर राजरूपपुर में दीपू सरकार किराए पर रहकर एक मॉल में नौकरी करता है। रविवार को उसका छोटा भाई देव कुमार आया था। रात में दीपू की ड्यूटी लगी थी। वह छोटे भाई देव को कमरे पर छोड़ कर चला गया। मंगलवार सुबह दीपू ड्यूटी से लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। उसने बहुत खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अंदर खिड़की से झांककर देखा तो उसका भाई देव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। देव ने फांसी क्यों लगाई इसका पता नहीं चल सका।

कार से दुल्हन के गहने चोरी

प्रयागराज। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी कार से चोरों ने दुल्हन के करीब तीन लाख के गहने उड़ा दिए। रात में जब घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची जांच में जुटी हुई है लेकिन चोरों को कोई सुराग नहीं लग पाया है। राजापुर इलाके के रहने वाले सुरेश कुमार की बेटी की शादी के लिए सिविल लाइंस में एक गेस्ट हाउस को बुक कराया गया था। बारात वाराणसी से आई हुई थी। गेस्ट हाउस में द्वारचार के दौरान जब गहनों की जरूरत हुई तो घर का एक सदस्य कार से गहने निकालने गला। डिक्की खोलकर देखा गया तो गहनों वाली अटैची गायब थी। गेस्ट हाउस के गेट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही थी लेकिन देर रात चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया था।

बहादुरपुर ब्लॉक पोलिंग बूथ पर सपाइयों ने किया हंगामा

सपा प्रत्याशी डॉ मान सिंह यादव ने आरोप लगाया कि इस बूथ पर तैनात कर्मचारी गोपी कृष्ण मिश्रा मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए कह रहे हैं

प्रयागराज। इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हो रहा है। मतदान के दौरान जिले में बहादुरपुर ब्लॉक के बूथ संख्या 59 पर मामूली झड़प हुई। इस दौरान सपाइयों ने एक कर्मचारी पर भाजपा के पक्ष में वोट दिलवाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर सेक्टर मजिस्ट्रेट भी पहुंच गए। हंगामे के बाद कर्मचारी को मौके से हटा दिया गया है। वहीं सपाइयों की मांग है कि बूथ से पीठासीन अधिकारी सहित पूरे स्टॉफ को तत्काल प्रभाव से बदलने की मांग है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के निष्पक्ष मतदान कराने का आश्वासन देने पर मामला शांत हुआ।

सपा प्रत्याशी डॉ मान सिंह यादव ने मौके पर पहुंचे अफसरों से शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बूथ पर तैनात कर्मचारी गोपी कृष्ण मिश्रा मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए कह रहे हैं। वहां पर सपा की महिला कार्यकर्ता ने इसका विरोध किया और पीठासीन अधिकारी को बताया। उसके बावजूद वह कर्मी नहीं माना तो उसने अन्य सपाइयों को इसकी जानकारी दी। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने बूथ पर हो-हल्ला भी किया।

मौके पर पहुंचे सपा प्रत्याशी डॉ मान सिंह यादव ने मामले की शिकायत सेक्टर मैजिस्ट्रेट से की। उसके बाद गोपी कृष्ण को वहां से हटाया गया। सपाइयों ने उस बूथ से पीठासीन अधिकारी सहित पूरे स्टाफ को तत्काल प्रभाव से बदलने की मांग की है। इसके बाद बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई।

पोलिंग बूथ पर हंगामा करते सपाई

सड़क चौड़ीकरण में तोड़ी गई छात्रावास की बाउंड्री

प्रयागराज। विकास प्राधिकरण ने सड़क चौड़ीकरण का काम तेज कर दिया है। चौड़ीकरण से पूर्व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कटरा मार्ग पर इविवि के सरसुंदरलाल छात्रावास की करीब पचास मीटर बाउंड्री रविवार की देर रात तोड़ दी गई। पीडीए की ओर से पूर्व में ही यहां लाल निशान लगाया जा चुका था। सोमवार को छात्रों ने इसे लेकर विवि प्रशासन के समक्ष विरोध भी दर्ज कराया।

स्मार्ट सिटी के तहत शहर की पंद्रह सड़कों का चौड़ीकरण का काम किया जाना है। इसके तहत कटरा मार्ग का भी चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इस मार्ग की सड़क फोर लेन की तर्ज पर चौड़ी की जानी है। पीसी बनर्जी छात्रावास केपास बनाए गए नए भवन की बाउंड्री भी इसकी जद में है। विज्ञान संकाय के भवन का भी कुछ हिस्सा अतिक्रमण की जद में आ रहा है। विकास प्राधिकरण की ओर से विवि प्रशासन को स्वयं भी अतिक्रमण हटाने को कहा गया है।

सड़क चौड़ीकरण के दौरान टूटी छात्रावास की बाउंड्री

74 नए कोरोना संक्रमित 90 हुए स्वस्थ

प्रयागराज। कोरोना संक्रमण की रफ्तार सोमवार को धीमी पड़ी। 24 घंटे के अंतराल में 74 संक्रमित मिले हैं, जबकि रविवार को 88 लोग संक्रमण की चपेट में आए थे। राहत है कि लगातार संक्रमित होने वालों में से अधिक स्वस्थ होने वालों की संख्या रही। 90 लोगों ने कोरोना को हराया। इनमें से 16 को अलग-अलग अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया, जबकि 74 का होम आइसोलेशन पूरा हुआ। सोमवार को किसी की भी मौत संक्रमण के चलते नहीं हुई। फिलहाल मौत का आंकड़ा 343 पर है। स्वास्थ्य विभाग का जांच अभियान सोमवार को एक बार फिर तेज हुआ। 4835 लोगों का सैंपल विभाग की ओर से लिया गया। नोडल अफसर डॉ. ऋषि सहाय ने मास्क का इस्तेमाल व भीड़भाड़ वाली जगह में जाने से बचने की सलाह दी है। कोरोना नियमों का पालन हर हाल में करने की सलाह दी है।

स्नातक चुनाव : मतदान केंद्रों पर दिखी कोरोना से बचाव की मुकम्मल व्यवस्था

प्रयागराज। कोरोना काल में हुए इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर तमाम व्यवस्थाएं की गई थीं। कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ग्लव्स, सेनिटाइजर और थर्मल पावर स्कैनर का बंदोबस्त किया गया था। सभी को प्रवेश से पहले मास्क लगाना जरूरी था और हाथ सेनिटाइज कराकर उन्हें ग्लव्स दिया गया। प्राथमिक विद्यालय पुराना मम्फोर्डगंज में दोपहर 12 बजे तक 80 वोट पड़ चुके थे। केंद्र पर 680 वोटर थे। कक्ष में प्रवेश से पहले ही बाहर कर्मचारी बैठे थे। मतदाताओं को प्लास्टिक का ग्लव्स दिया गया और बताया गया कि मतदान के बाद इसे डस्टबिन में डालें। इसके साथ ही हर व्यक्ति का हाथ सेनिटाइज कराया गया। जिन लोगों ने मास्क नहीं लगाया था उन्हें मास्क भी दिया गया। वहीं इलाहाबाद इंटर कॉलेज जीरो शाखा में थर्मल पावर स्कैनर से लोगों का बुखार नापा रहा था। सर्वाय महाविद्यालय में थर्मल पावर स्कैनर काम नहीं कर रहा था। तत्काल दूसरी मशीन मंगाई गई। हालांकि कम लोग होने के कारण परेशानी नहीं हुई। वहीं सेंटर एंथोनी में भी ग्लव्स दिया गया। एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे ने बताया कि सभी जगह पर्याप्त बंदोबस्त किए गए हैं।

कोरोना जांच करते हुए

ध्वस्तीकरण के खौफ से खुद तोड़ रहे अपने मकान

प्रयागराज। सड़कों के चौड़ीकरण कार्य में विकास प्राधिकरण के समक्ष सबसे बड़ी बाधा अतिक्रमण हटाने की है। पंद्रह सड़कों के चौड़ीकरण काम में सैकड़ों लोगों के मकान कार्रवाई की जद में हैं। विरोध को देखते हुए ये काम और कठिन हो गया है। इस काम को आसान बनाने के लिए पीडीए लोगों को खुद अपने अतिक्रमण हटाने के लिए दबाव बना रहा है। पन्नालाल रोड से इसकी शुरू भी हो गई है। इस मार्ग पर करीब आधा दर्जन लोग खुद अपने अतिक्रमण को तोड़ने में लगे हुए हैं। ये काम भवन स्वामियों और पीडीए दोनों के लिए मुफीद है। कुछ लोगों ने खुद अतिक्रमण तोड़ने की अर्जी भी दी है। विकास प्राधिकरण जेसीबी लगाकर अतिक्रमण तोड़ता है तो घर के अन्य हिस्सों के भी क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। कई स्थानों पर ऐसा देखा गया है कि अतिक्रमण तोड़ने के दौरान पास के मकानों में भी दरारें पड़ जाती हैं। पीडीए के जोनल अधिकारी एके पांडेय का कहना है कि अतिक्रमण के दायरे में आने वाले लोग अगर आवेदन देकर अपने संसाधनों से अतिक्रमण हटवाते हैं तो इसके लिए उन्हें पीडीए को कोई शुल्क नहीं देना होगा। पीडीए अगर अपने संसाधनों से अतिक्र मण हटवाता है तो वह संबंधित भवन स्वामी से खर्च की रकम वसूल करेगा। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी के तहत शहर की पंद्रह सड़कों का चौड़ीकरण होना है।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

समूह ग की प्रारंभिक परीक्षा ऑनलाइन कराने की तैयारी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग समूह ग की भर्ती प्रक्रिया जल्द ही पूरी करने के लिए सभी प्रक्रिया ऑनलाइन करेगा। इसके साथ ही भर्ती से पहले होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा भी ऑनलाइन कराने पर मंथन चल रहा है। आयोग इसके लिए परीक्षा कराने वाली एजेंसियों से विचार-विमर्स कर रहा है। आयोग यह मानकर चल रहा है कि इस परीक्षा में कम से कम 30 लाख अभ्यार्थी बैठेंगे। इसलिए ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे पेट का स्कोर जल्द तय हो जाए। इस परीक्षा को पास करने वालों को उनके प्राप्तांक फीसदी के आधार पर आगे मौका दिया जाएगा। बैठक के दौरान प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पेट) पर मंथन हुआ। विभागों में समूह ग के करीब 38000 पद खाली बताए जा रहे हैं। आयोग के अध्यक्ष प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में विचार विमर्श के दौरान दोनों विकल्पों पर चर्चा हुई। अध्यक्ष का कहना है कि पेट ऑलाइन कराने से इसका स्कोर जल्द ही सार्वजनिक हो सकेगा। भर्ती प्रक्रिया भी जल्दी पूरा हो जाएगी। ऑनलाइ परीक्षा न कराने की स्थिति में ऑफलाइन परीक्षा होगी।

शुआट्स के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्दान शिविर आयोजित

प्रयागराज। शुआट्स में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर काल्विन अस्पताल के सहयोग से विश्वविद्यालय के वाघ इन्स्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। निदेशक ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट डा. देवराज बाडुगू ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिये प्रेरित करते हुए रक्तदान की महत्ता को बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से मानव शरीर को लाभ पहुंचता है तथा इससे कई लोगों की जान भी बचायी जा सकती है। डा. दीपक लाल ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जिसमें सभी को सहयोग देना चाहिए। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. सत्यम कुमार केसरी ने किया। डा. डी.के. बोस, शालिनी, धमेन्द्र आदि ने विशेष योगदान दिया। काल्विन अस्पताल के डा. के.सी0 गुप्ता एव डा. सुशील तिवारी ने रक्तदान को समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान बताते हुए तकनीकी सहयोग प्रदान किया। रक्तदान शिविर में 20 यूनिट से अधिक रक्तदान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने किया।

रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए

वैज्ञानिकों ने दी कृषकों को सलाह

सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से मंगलवार को प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि देर से बोये गेंहूँ की बढवार कम होती है और कल्ले भी कम निकलते है। इसलिए प्रति हेक्टयर बीज दर बढाकर 125 किग्रा कर लें, लेकिन अगर यू.पी.2425 प्रजाति ले रहे हैं,तो प्रति हेक्टयर 150 किग्रा बीज लगेगा। गेहूँ की अवशेष बोआई शीघ्र पूरी कर लें। ध्यान रहे कि बोआई के समय मिट्टी में भरपूर नमी हो। चना की बोआई के 45 से 60 दिन के बीच पहली सिंचाई कर दें। मटर के 35-40 दिन पर पहली सिंचाई करें। मसूर की बोआई अभी भी कर सकते हैं, लेकिन प्रति हेक्टयर 55 से 75 किग्रा बीज लगेगा। मसूर कि बोआई के 45 दिन बाद पहली हल्की सिंचाई करें। ध्यान रखें, खेत में पानी खड़ा न रहे। राई बोआई के 55-65 दिन बाद ही दुसरी सिंचाई कर दें। लहसुन की फसल में आवश्यकतानुसार निराई-गुड़ाई तथा सिंचाई करें एवं 74 किग्रा यूरिया की प्रथम टाप ड्रेसिंग बोआई के 40 दिन बाद व इतनी ही मात्रा की दूसरी टाप ड्रेसिंग बोआई के 60 दिन बाद कर दें।

संक्षेप समाचार

खड़ी कार से टकराई बाइक, पेंटर की मौत

प्रतापगढ़। शादी समारोह में शामिल होकर घर जा रहे पेंटर की बाइक बेकाबू होकर हाईवे किनारे खड़ी कार से टकरा गई। पेंटर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिटी कस्बा स्थित कजियाना टोला निवासी शैलेश मौर्य (32) पेंटिंग का काम करता था। रविवार को लालगंज में आयोजित शादी समारोह में आया था। उसमें शामिल होने के बाद आधी रात वह अपनी बाइक से लौट रहा था। रास्ते में लीलापुर चैकी के समीप शैलेश की बाइक अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के किनारे खड़ी एक कार से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताललल भेजवाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुमटी का ताला तोड़कर सामान चोरी

प्रतापगढ़। सगरा सुंदरपुर बाजार में बद्री प्रसाद प्रजापति गुमटी में पान की दुकान चलाता है। रविवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर चला गया। रात में चोर गुमटी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान उठा ले गए। सोमवार सुबह जब वह दुकान खोलने आया तो गुमटी का ताला टूटा था। उसमें रखा सामान गायब था। यह देखकर वह परेशान हो गया। बताया जा रहा है कि दिव्यांग बद्री प्रसाद उसी छोटी सी दुकान के सहारे परिवार का भरण पोषण करता था। पीड़ित के अनुसार करीब 8 से 10 हजार रुपये का सामान दुकान से चोरी हुआ है।

पड़ोसी ने युवती से की छेड़छाड़

प्रतापगढ़। पड़ोसी ने युवती से छेड़छाड़ की। युवती ने दो लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पट्टी थाना क्षेत्र के सराय महेश गांव की एक युवती ने आरोप लगाया कि पड़ोस का एक युवक सोमवार सुबह आबादी की जमीन में जबरन कब्जा कर रहा था। उसने इसका विरोध किया तो युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। हाथ पकड़कर खींचने लगा। वह घर की ओर भागी तो आरोपित युवक घर में घुस गया। शोर पर आसपास के लोग जुटे तो जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। खींचने से युवती के हाथ में कई जगह चोटें आई हैं।

इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र कौशाम्बी के मतदान कुल 51.37ः मतदान हुआ

इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र कौशाम्बी के मतदान कार्य सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न

कौशाम्बी। इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र कौशाम्बी में मंगलवार को मतदान कार्य सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हो गया। कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच इस सीट के लिये कुल 51.37ः मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदाता 10594 के सापेक्ष 5442 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही बूथो पर मतदाताओ की लाइन लग गई, उत्साह से भरपूर मतदाताओं ने सायं तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि इस बार के इलाहाबाद झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के कुल 51.37ः मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इस बार मतदान के लिये 17 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक श्री अभिनन्दन, फोर्स के साथ निरन्तर भ्रमण शील रहकर स्थितयों का जायजा लेते रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान कार्य के सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न होने पर जनपद वासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसबलो एवं मीडिया बन्धुओं एवं मतदान कार्य में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभाग करने वाले लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया है।

एमएलसी चुनाव में वोट डालने को बैठे लोग।

एमएलसी चुनाव में युवाओं का दिखा उत्साह कितने युवाओं ने पहली बार की वोटिंग

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत नेशनल इंटर कॉलेज में एमएलसी मतदान को लेकर युवा मतदाताओं में जोश दिखा है पहली बार मतदान कर रहे युवाओं ने मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिए जिसमे कुमारी नसरीन फैजान अहमद रसूल अहमद अंकुर केशरवानी विपिन केशरवानी आदि लोगो ने पहली बार मतदान करके अपने आपको गौरवन्तित महसूस किया। मतदान के दिन सुबह से ही मतदान सेन्टर में मतदान करने वालो का आना शुरू हो गया पहले तो मतदान धीमी गति से चल रहा था वही सुरक्षा की दृष्टि से चौकी इंचार्ज पूरे दिन राउंड लगते रहे किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो पाए इसके लिए स्वयं ही वह शांति व्यवस्था बनाने के लिए दल बल के साथ मुस्तैद रहे। इस बीच सभी दलों के नेता अपने अपने बूथ पर मतदाताओं का इंतजार करते नजर आये हालांकि इस चुनाव के बूथ पर कांग्रेस पार्टी के नेता व उनले कार्यकर्ताओ की बूथ तक दूर दूर तक परछाई भी नही देखने को मिली इस अवसर पर कैलाश केशरवानी गुलाम हुसैन गुड्डू मिस्त्री संतोष कुमार हर्षित नागा अशोक यादव प्रेम नारायण कलेक्टर आदि लोग मौजूद थे।

मतदान करने के लिए कतार में खड़े मतदाता

चायल नेवादा क्षेत्र में एमएलसी मतदान में लोगों ने लिया हिस्सा

तिल्हापुर कौशांबी। इलाहाबाद झांसी खंड शिक्षा के निर्वाचन चुनाव के मतदान में जिले के विकासखंड नेवादा और चायल में सुबह से मतदान शुरू हो गया स्नातक मतदाताओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान स्नातक विकलांगों ने भी मतदान किया है सुबह से शुरू हुए इस मतदान में दोपहर बाद कुछ अधिक भीड़ लगी थी लेकिन पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की तरह इसमें मतदाता ना होने की वजह से अधिक भीड़ नहीं लग सकी है। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही और आला अधिकारी भ्रमण शील रहें प्रत्याशियों के एजेंटों ने भी मतदान स्थल से कुछ दूर पर अपने बस्ते लगाकर मतदाताओं को उनका क्रमांक बताते रहे अंतिम समय तक मतदाताओं ने मतदान किया है हालांकि इस मतदान की सबसे बड़ी खामी यह रही कि स्नातक मतदाताओं के कुछ लोगों को मतदाता बनाकर मतदान करा लिया गया है सभी स्नातक मतदाता इस चुनाव में मतदान का हिस्सा नहीं बन सके हैं यह बड़ी प्रशासनिक चूक है और स्नातक तक पढ़े लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल न किए जाने के मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा जांच कराई गई तो स्नातक चुनाव की खामियां जरूर उजागर होंगी।

स्नातक तक पढ़े लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल न किए जाने के मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा जांच कराई गई तो स्नातक चुनाव की खामियां जरूर उजागर होंगी

बढ़ते टैक्स से आक्रोशित व्यापारियों ने किया नगर पंचायत चायल का घेराव

नगर पंचायत के कर्मचारी व्यापारियों से टैक्स वसूली के लिए उनके घर दुकान पहुंच जाते हैं और व्यापारियों पर तरह तरह से दबाव बनाते हैं

तिल्हापुर कौशांबी। नगर पंचायत चायल में इन दिनों व्यापारियों के ऊपर जुल्म ज्यादती कर टैक्स अधिक लगाए जा रहे हैं जिसकी शिकायत कई बार नगर वासियों ने चेयरमैन से भी की लेकिन नगर पंचायत द्वारा व्यापारियों का शोषण कम नहीं हो सका आए दिन नगर पंचायत के कर्मचारी व्यापारियों से टैक्स वसूली के लिए उनके घर दुकान पहुंच जाते हैं और व्यापारियों पर तरह तरह से दबाव बनाते हैं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और कर्मचारियों के तानाशाही से चायल कस्बे के व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा और एकत्रित होकर तमाम व्यापारियों ने आज नगर पंचायत कार्यालय चायल के अधिकारियों का घेराव किया कस्बे के व्यापारियों के ऊपर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के टैक्स लगाए जाने का ब्यापारियों ने विरोध किया और नगर पंचायत के खिलाफ व्यापारियों ने नारे भी लगाए नगर पंचायत का घेराव कर रहे कस्बे के लोगों ने कहा कि उन पर लगाए गए टैक्स वापस लिए जाएं वरना वह इस अवैध वसूली के खिलाफ शासन प्रशासन का दरवाजा खटखटाएंगे टैक्स वापसी किये जाने के लिए व्यापारियों ने मांग पत्र भी नगर पंचायत में सौंपा है।

नगर पंचायत अधिकारी का घेराव करते व्यापारी

दुर्घटना में घायल लग्जरी कार सवार गाड़ी हुई चकनाचूर

देर रात एक शादी समारोह में शामिल होकर वह वापस निज निवास वापस आ रहे थे कार सवार

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के लोहदा मोड़ के पास एक लग्जरी कार सवार बगल में बने हुए पुलिया से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गए इस हादसे में गाड़ी चकना चूर हो गई है लेकिन उसमें सवार लोग चोट खाने से बच गए है। जानकारी के अनुसार व्यापारी अजय कुमार केसरवानी पुत्र स्व.गयाप्रसाद केशरवानी नगर पंचायत अझुवा नयानगर के निवासी है बीती शाम व्यापार के सिलसिले में वह प्रयागराज गए थे देर रात एक शादी समारोह में शामिल होकर वह वापस निज निवास वापस आ रहे थे ज्योंहि लोहदा मोड़ से कुछ आगे बढ़े वह बढ़े कि एक वनरोज नीलगाय आ गयी टक्कर से बचने के प्रयास में सड़क किनारे बनी पुलिया से उनकी कार की जबरदस्त टक्कर हो गयी गनीमत रही कार की चाल धीमी थी नही तो अनर्थ हो जाता फिर भी उनकेसीने में गंभीर चोट लग गयी किसी तरह घर सूचना दी जिस पर पड़ोसियों परिजन मौके पर अझुवा पुलिस भी पहुंची रात में प्राथमिक उपचार करवाकर परिजन जिला अस्पताल मंझनपुर में इलाज करवा रहे हैं।



दुर्धटना में क्षतिग्रस्त गाड़ी।

एमएलसी चुनाव में दिन भर दिखा गहमागहमी का माहौल, डीएम ने लिया औचक जायजा

लालगंज, प्रतापगढ़। शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर मंगलवार को ब्लाक मुख्यालयो पर दिन भर गहमागहमी का माहौल दिखा। हालांकि प्रबुद्ध वर्ग के मतदान मे कहीं से भी चूं चपड़ तक की भी सूचना नही आयी। प्रातः आठ बजे से स्थानीय लालगंज तथा सांगीपुर व रामपुर संग्रामगढ़ एवं लक्ष्मणपुर विकासखण्ड मुख्यालयो पर चुनाव को लेकर पुलिस का सख्त पहरा दिखा। मतदाताओं ने भी पंक्तिबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार कर वोट डाले। हालांकि ब्लाक मुख्यालयो के समीप प्रत्याशियो के समर्थको ने टेन्ट लगाकर मतदाताओ की आवभगत मे मशक्कत करते दिखे। समर्थक अपने अपने प्रत्याशी का क्रमांक तथा नाम बार बार मतदाताओं को समझाते हुए समर्थन मे वोट की गुजारिश जारी रखी। जिले के डीएम डा. रूपेश कुमार ने लालगंज तथा सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचकर मतदान प्रकिया का जायजा लिया। डीएम ने मतदान केंद्रो पर कुछ मतदाताओं को बिना मॉस्क देख नाराजगी जताई। वहीं डीएम ने पुलिसकर्मियो को ब्लाक कैम्पस के बाहर जमा वाहनो को भी देख डांट फटकार लगाई। एसडीएम राम नारायण ने भी तहसील के चारों ब्लाको का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान केन्द्रो पर महिला मतदाताओ के साथ युवा मतदाताओ मे भी उत्साह देखा गया। सुबह जरूर मतदान का प्रतिशत कम दिखा पर दोपहर होते ही मतदान केन्द्रो पर कतार बढ़ गयी। सहालग होने के बावजूद शिक्षक व स्नातक विधायक के चुनाव मे वोटरो का उत्साह छलका दिखा। प्रत्याशियो ने भी मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। प्रबुद्ध वर्ग के मतदान मे एक सकारात्मक पहलू यह भी दिखा कि अपने प्रत्याशियो के लिए दम लगाये समर्थक एक दूसरे के साथ हंसी ठिठोली तथा चाय-पान मे सरीक हुए दिखे। मतदान केन्द्रो पर महिला पुलिस विंग तथा एम्बुलेंस सेवा भी मुस्तैदी मे दिखी।

सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते जिलाधिकारी

लालगंज ब्लाक मुख्यालय पर पंक्तिबद्ध होकर मतदान करते मतदाता

चोरों ने बनाया सराफे की दुकान को अपना शिकार

कुंडा। स्थानीय कोतवाली के गांधी नगर स्थिति सराफे की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया।सुबह सराफा व्यवसायी जब दुकान खोलने पहुचा तो उसे दुकान का ताला टूटा मिला।जानकारी के अनुसार गांधी नगर में सराफा का काम करने वाले अशोक कुमार सोनी की कृष्णा ज्वेलर्स के नाम से सराफा की दुकान है।दुकान पर अशोक अपने बेटी अंकित के साथ बैठता है।रोज की भांति आज भी वह जब बेटे के साथ दुकान खोलने पहुचा तो उसे दुकान का ताला टूटा मिला।अंदर जाकर देखा तोलोहे की आलमारी भी टूटी मिली। अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखा पचासों हजार के कीमती सामान पर हाँथ साफ कर दिया था।चोरी की चर्चा फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई।चोरों ने आलमारी का सामान निकाल कर उसे सामने बाग में फेंक दिया था।घटना की तहरीर कोतवाली में दी गयी है।

सीओ की फटकार पर तीन के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ दलित एक्ट का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिश्रमऊ गांव के भोला नाथ सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस नवंबर को शाम छः बजे वह दरवाजे पर मौजूद था। इतने मे गांव के हरिश्चंद्र, रमेश, सुरेश एकराय होकर लाठी डंडे से लैस आ धमके। आरोपियो ने रंजिशन उसे जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने धमकी दी कि शिकायत करोगे तो जान से मार देगें। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी किंतु जांच के नाम पर पुलिस केस नही दर्ज कर रही थी। पीडित ने सीओ से आपबीती सुनाई। सीओ जगमोहन की फटकार पर सोमवार की रात आरोपी हरिश्चंद्र समेत तीन के खिलाफ दलित उत्पीडन व धमकी तथा मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

सीओ की फटकार पर तीन के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ दलित एक्ट का केस दर्ज किया है। कोतवाली के मिश्रमऊ गांव के भोला नाथ सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस नवंबर को शाम छः बजे वह दरवाजे पर मौजूद था। इतने मे गांव के हरिश्चंद्र, रमेश, सुरेश एकराय होकर लाठी डंडे से लैस आ धमके। आरोपियो ने रंजिशन उसे जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने धमकी दी कि शिकायत करोगे तो जान से मार देगें। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दी किंतु जांच के नाम पर पुलिस केस नही दर्ज कर रही थी। पीडित ने सीओ से आपबीती सुनाई। सीओ जगमोहन की फटकार पर सोमवार की रात आरोपी हरिश्चंद्र समेत तीन के खिलाफ दलित उत्पीडन व धमकी तथा मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

गरीब बच्चों संग समाजसेवी

गरीबों के बस्ती मे युवा समाजसेवी अंकित वर्मा ने मनाया जन्मदिन

प्रतापगढ़। पट्टी कस्बे में एक युवा समाजसेवी ने अपना जन्म दिन अनूठे तरीके से मनाया गया,जबकि जन्म दिन पर अक्सर लोग अच्छे अलीशान होटलों व प्रतिष्ठानों में केक काटकर मनाते हैं वहीं कस्बे युवा समाज सेवी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पट्टी रामचरित्र वर्मा के सुपुत्र अंकित वर्मा ने अपने मित्रों के साथ गरीबों की बस्ती में पहुंचकर अपना जन्मदिन गरीबों को मिठाइयां बाटी और केक काटकर मनाया गया है। इस अवसर गरीबों के बीच केक काटकर, मिठाई वितरित की गई। साथ ही गरीब बुजुर्गों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया है। इस मौके पर उपहार स्वरूप छोटे बच्चों के लिए नए कपड़े भेंट किए हैं।गर्म कपड़ों के साथ किया मिठाई का वितरण रू युवा समाज सेवी अंकित वर्मा द्वारा जन्म दिन पर न केवल बुजुर्गों व नन्ने मुन्ने बच्चों को नए गर्म वस्त्र भेंट किए।

विकास के पथ पर बढ़ता गांव, ग्राम प्रधान के कार्यों की लोग कर रहे सराहना

प्रतापगढ़। महाभारत कालीन गांव हन्डौर मे विगत कुछ वर्षों से तेजी से हो रहे बदलाव से लोग खुश हैं उसका मुख्य कारण है गांव मे चहुंओर विकास का होना । जरुरतमन्द ग्रामीणों को प्रधानमन्त्री आवास, शौचालय देने के साथ - साथ उनके आवागमन के लिए खड़ंजा, चकमार्ग तथा जरुरतमन्द योग्य ब्यक्तियों को पेंशन योजना का लाभ दिलाना, आवश्यकतानुसार एंव समयानुसार समाज के जरुरतमन्द लोगों को कम्बल वितरण करना तथा यथासम्भव मदद के साथ - साथ उनके सुख - दुख मे सदैव सहभागी बनना उनके कर्तव्य परायणयता को दशार्ता है । लक्ष्मणपुर विकासखन्ड के हन्डौर प्रधान पति मनोज सिंह द्वारा गांव के विकास एंव राहगीरों सहित स्थानीय लोगों का सार्वजनिक स्थानों पर जहां प्रतिदिन बहुत से लोगों का उठना - बैठना व आवागमन होता था।

ग्राम प्रधान के कार्यों की सराहना करते

डीएम आवास पर 25 वर्ष से तैनात होमगार्ड सियाराम मिश्रा जी हुई भावभीनी विदाई

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी आवास पर 25 वर्ष से तैनात होमगार्ड सियाराम मिश्रा का कैम्प कार्यालय के सभागार में जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) शत्रोहन वैश्य एवं सहित कैम्प कार्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। विदाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि होमगार्ड सियाराम मिश्रा जी बहुत ही लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक अपने ड्यिटी का निर्वहन किये है, जो भी कार्य इनको सौपे जाते थे वह उसको भलिभांति करते थे और कार्यालय के कार्यो में अपना सहयोग निरन्तर देते रहते थे। जिलाधिकारी ने कहा कि ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आप अपने घर पर खुश एवं स्वास्थ्य रहे और अपने परिवार के साथ समय बिताये। विदाई के दौरान आशुलिपिक गंगाराम यादव, मो0 नासिर, लालमणि पाण्डेय सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

महासचिव ने किसान बिल को बताया किसान हितैषी

प्रतापगढ़। संसद के दोनों सदनों से पारित कृषि विधेयकों के खिलाफ आज किसान संगठन देशभर में चक्का जाम कर रहे हैं । सरकार ने इन विधेयकों को किसान हितैषी बताते हुए दावा किया है कि इनसे किसानों की आय बढ़ेगी और बाजार उनके उत्पादों के लिए खुलेगा । लेकिन किसान संगठनों का कहना है कि ये विधेयक कृषि क्षेत्र को कार्पोरेट के हाथों में सौंपने की कोशिशों का हिस्सा हैं ।पंजाब, हरियाणा, उत्तर - प्रदेश सहित कई राज्यों को किसानों ने सरकार को खिलाफ हल्ला बोल दिया है । किसान बिल को लेकर जनपद के जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी किसान प्रकोष्ठ के जिला महासचिव राजकुमार द्विवेदी ने कहा कि किसान बिल पूर्णतया किसान हित मे है ।आवश्यकता है किसान नेताओं को इस बिल मे किसानों के लिए जारी किसान हेतैषी नीतियों को पूर्ण रुप से पढ़ने व समझने की । उन्होने आगे बताया कि आज किसानों के लिए सिर दर्द बन चुके घुमन्तू जानवरों से खेतों को बचाने के लिए सरकार द्वारा किसानों को बाड़ लगाने (खेतों के चारों तरफ बैरीकेटिंग) के लिए बढ़ावा देने हेतु किसानों के भूमि अनुपात मे उन्हे आवश्यक धनराशि मुहैया कराया जाए।